31/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल केंद्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इधर केंद्रीय बजट 2025-26 में अरुणाचल प्रदेश के लोगों को केंद्र सरकार से बहुत उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। इस पर आकाशव्वाणी समाचार ने कुछ विशेषग्यो से भी बात की।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायरड के.टी. परनायक ने राज्य के लोगों, विशेषकर इदु मिश्मी समुदाय को रेह महोत्सव के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव दिव्य मां 'नान्यी इन्यिताया' का आशीर्वाद साथ लेकर आए और हम सभी के बीच एकता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करे। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में सांस्कृतिक रूप से सबसे समृद्ध समुदायों में से एक इदु मिश्मी जनजाति, हमारे राज्य की जीवंत सांस्कृतिक ताने-बाने को परिभाषित करने वाली परंपराओं और अनूठी जातीयता को संरक्षित करने में एक विशेष स्थान रखती है।

0000000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने आज कृषि और संबंधित क्षेत्रों में प्रगति और चुनौतियों का आंकलन करने के लिए तिरप

ज़िला उपायुक्त, विभागाध्यक्षों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक व्यापक समिक्षा की बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने राजनितिक प्रभाव से मुक्त योजनाओं के लाभों को पारदर्शी एवं आवश्कताओं के अनुसार वितरण पर ज़ोर दिया। विशेष रुप से मत्स्य पालन और कृषि में गुणवत्ता पर ज़ोर देते हुए मत्स्य पालन विभाग को सस्टेनेबल फिश सीड के उत्पादन को सुनिशचित करने के लिए फंड्स का उपयोग कर हैचरी स्थापित करने के निर्देश भी दिए। कृषि मंत्री ने योजना के फंड्स का दुरूपयोग होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को सख्त निगरानी का आहवान किया। बैठक के तहत कृषि मंत्री ने प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन और वित्तीय स्थिति पर व्यापक अपडेट की जानकारी भी ली।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के लेपा रादा जिले में बासार 100 वाट का एफएम ट्रांसमीटर कल 1 फरवरी 2025 से फिर से काम करना शुरू करेगा। कवरेज का दायरा लगभग 15 किलोमीटर है और यह पूरे बासार टाउनशिप और आस-पास के इलाकों को कवर करेगा। डीडी न्यूज़ से बात करते हुए, आकाशवाणी ईटानगर के क्लस्टर हेड, एन. रामंजनप्पा ने कहा कि एफएम ट्रांसमिशन से क्षेत्र के लोगों को सभी तरह के महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, एफएम ट्रांसमीटर सुबह 6 बजे से रात्री के 10.30 मिनट तक आकाशवाणी ईटानगर के कार्यक्रम को रिले करेगा।

00000000000000000000

राज्य की वुशू खिलाड़ी मर्सी ङायमोंग ने उत्तराखंड में आयोजित हो रहें 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में मर्सी को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए लिखा, आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता हम सभी को प्रेरित कर रहीं है। वुशू श्रेणी में राज्य के लिए यह दूसरा स्वर्ण है। इससे पहले, न्येमान वांगसू ने गुरुवार को राज्य के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा हैं।

00000000000000000000

आंजाव जिले के हायुलियांग स्थित पुराने बाजार इलाके में गत गुरुवार की सुबह भीषण आग दुर्घटना में कम से कम 15 दुकानें जलकर राख हो गईं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति का काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय विधायक दासांगलू पुल ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पीड़ितों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने समुदायों से एकजुटता से आगे आने और पीड़ितों की मदद करने का आग्रह किया है।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी (APSLA) के सदस्य सचिव श्री योमगे आदो द्वारा गत बुधवार को अपर सियांग जिले के यिंगकिओंग पुलिस स्टेशन, में एक लीगल ऐड क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर सियांग उपायुक्त श्री तालो जेरांग,

एसपी, ओसी, लॉयर, गांव बुढ़ा, एवं अन्य उपस्थित रहें। लीगल ऐड क्लिनिक का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान कर यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य किसी रूप से कमज़ोर नागरिकों को भी आसानी से न्याय मिल सकें। इसके तहत पैरा लीगल वालंटियर्स की एक टीम मुफ्त कानूनी सहायता परामर्श, कानूनी सलाह एवं कानूनी दस्तावेज आदि तैयार करेगी।

0000000000000000000

पिरामल स्वास्थ्य प्रबंधन एवं अनुसंधान संस्थान के साथ रणनीतिक साझेदारी करते हुए कल एसजेवीएन फाउंडेशन ने राज्य में एसजेवीएन के परियोजना क्षेत्रों में एक नई मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू करने का जानकारी सझा की। इस अवसर पर एसजेवीएन फाउंडेशन के निदेशक ने कहा कि यह सहयोग अरुणाचल प्रदेश के लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगा, जिससे दूरदराज के स्थानों तक भी पहुंच सुनिश्चित होगी। एसजेवीएन फाउंडेशन एक पंजीकृत ट्रस्ट है जो कंपनी की सीएसआर और स्थिरता पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित करता है।

0000000000000000000